


# केरला इंग्लिश मीडियम स्कूल जगन्नाथपुर ने बनाया तीसरा स्थान

**जगन्नाथपुर 30 सितंबर :** सीबीएसई द्वारा सुदूर आरवीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया कैमूर बिहार (पूर्वी क्षेत्र) में आयोजित फुटवाल प्रतियोगिता में केरला इंग्लिश मीडियम स्कूल जगन्नाथपुर ने कुल 52 विद्यालयों के मध्य हुई फुटवाल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अर्जित कर जिले का नाम रोशन करते हुए स्कूल को गौरवान्वित किया. यह जानकारी केरला इंग्लिश मिडियम स्कूल जगन्नाथपुर के हरीश ने दी. उन्होने बताया कि प्रतियोगिता सीबीएसई प्रभारी शुभम यादव की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. व्यवस्था प्रभार आरवीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया की प्रधानाचार्या हुमा कैजी द्वारा संभाला गया. 17 वर्ष से कम आयु के केम्स के



खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व खेल भावना का परिचय देते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपने क्लस्टर में लोहा मनवाया. इसी के साथ 52 विद्यालयों के मध्य केरला इंग्लिश मीडियम स्कूल जगन्नाथपुर पश्चिम सिंहभूमि के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ अनुशासित दल का विशेष पुरस्कार भी हासिल किया. टीम के कोच स्कूल के सहायक अध्यापक बिट्टू देवनाथ एवं टीम कप्तान कृष्णा चातोम्बा कक्षा 9 रहे. विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार झा ने सोमवार को स्कूल परिसर में प्रतियोगिता जीत कर आये छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौंसला वढ़ाया और केम्स परिवार वच्चों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया.